# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी

# दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय –दूरभाष (07856) 252228, फैक्स–252305 निवास –(07856) 252439 E-mail:-dfodnt@rediffmail.com

क्रमांक/क.त.अ./ 4906 दन्तेवाड़ा, दिनांक 5 /07/2018

प्रति,

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक

जगदलपुर वृत्त जगदलपुर

विषयः– **Diversion of Forest land for non-forest purpose under Forest Conservation Act, 1980 Proposed land for Associated Facilities of conveyour gallery Iron ore concentrate pipeline and tailing dam, area 7.116 Ha. reg.**

संदर्भः– 1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध/व.स.अ.) छ.ग. रायपुर का पत्र क्रमांक/भू–प्रबंध/ विविध/ 115 –30 /2757 रायपुर दिनांक 10.11.2016

2. परियोजना प्रबंधक स्लरी पाईप लाईन परियोजना एन.एम.डी.सी. लिमिटेड जगदलपुर का पत्र क्रमांक/एन.एम.डी.सी./एस.पी.एल./2018/976 दिनांक 23.04.2018

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि, दंतेवाड़ा वनमण्डल अन्तर्गत **Iron ore concentrate pipeline and tailing dam, area 7.116 Ha.** वन भूमि के व्यपवर्तन प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत संदर्भित पत्र – 1 के अनुसार पंजीयन आबंटन किया गया है।

अवेदक संस्थान परियोजना प्रबंधक स्लरी पाईप लाईन परियोजना एन.एम.डी.सी. लिमिटेड बैलाडिला भवन जगदलपुर द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत **Iron ore concentrate pipeline and tailing dam** निर्धारित चेक लिस्ट के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है।

| क्रमांक | वनमण्डल का नाम | कक्ष क्रमांक | रकबा हें. में |
|---|---|---|---|
| 1 | दंतेवाड़ा | 1843 | 4.056 |
| 2 | | 1844 | 2.010 |
| 3 | | 1845 | 1.050 |
| योग :– | | | 7.116 |

1. आवेदनकर्ता परियोजना प्रबंधक स्लरी पाईप लाईन परियोजना एन.एम.डी.सी. लिमिटेड बैलाडिला भवन जगदलपुर द्वारा दंतेवाड़ा जिले के दंतेवाड़ा वनमण्डल अन्तर्गत आरक्षित वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक – 1843, 1844, 1845 रकबा 7.116 हें. मे वनभूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत् प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है, प्रस्तावित वन भूमि एवं उसके आस–पास के न्यूनतम 10 कि.मी. तक का वन प्रबंधन सूचना प्रणाली वनमण्डल रायपुर से प्राप्त वनस्पति मानचित्र मे संलग्न है।

2. प्रस्तावित व्यपवर्तित क्षेत्र का डी.जी.पी.एस. सर्वे उपरांन्त जिओ को–ऑडिनेट KML Shape file संलग्न है।

3. आवेदनकर्ता द्वारा प्रस्ताव मे शासन के आदेशानुसार पंजीयन शुल्क राशि 6000/– एवं प्रोसेसिंग शुल्क की राशि 29000/– कुल राशि रूपये 35000/– जमा किया गया है, जिसे पी.डी. खाते मे जमा किया गया है।

4. प्रस्तावित परियोजना के क्रियान्वयन के लिए संबंधित अनुभाग स्तरीय समिति का प्रमाण पत्र संलग्न है।

5. प्रकरण मे परिक्षेत्र बचेली अन्तर्गत कक्ष क्रमांक – 1845 रकबा – 16.00 मे वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित है। जिसका डी.जी.पी.एस. सर्वे सेफ फाईल एवं उपयुक्तता प्रमाण पत्र संलग्न है। तथा आवेदनकर्ता द्वारा आवश्यक धन राशि जमा करने बावत् प्रमाण पत्र संलग्न है।

6. प्रस्तावित क्षेत्र मे खडे वृक्षो का विवरण एवं विदोहन योजना संलग्न है। तथा Cost Benifit Analysis की आवश्यकता नही है।

7. प्रस्तावित गैर वानिकी परियोजना मे आवेदनकर्ता द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 का उल्लघन नही किया गया है।

8. प्रस्तावित गैर वानिकी प्रकरण हेतु वन अधिकार मान्यता पत्र वितरण संबंधी कलेक्टर का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न है।

9. प्रकरण मे आवेदनकर्ता द्वारा प्रत्याशा मूल्य जमा करने हेतु वचन पत्र संलग्न है।

10. प्रकरण मे दंतेवाड़ा वनमण्डल अन्तर्गत आरक्षित वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक – 1843, 1844, 1845 रकबा 7.116 हें. वन भूमि के प्रत्यावर्तन प्रस्ताव का फार्म 'ए' व फार्म 'बी' पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेब साईट पर अपलोड कर प्रमाण पत्र संलग्न है।

उपरोक्त विवरण के आधार पर वन संरक्षण अधिनियम 1980 के मार्गदर्शी सिंद्वान्तो के अनुरूप समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर प्रथम चरण स्वीकृति के लिए प्रस्ताव 04 प्रतियों मे संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर अनुरोध है।

**संलग्न :–        प्रस्ताव 03 सेट में।**

वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा

पृ.क्रमांक/क.त.अ./4907        दन्तेवाड़ा, दिनांक 5/07/2018

प्रतिलिपिः–

1. कलेक्टर जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. परियोजना प्रबंधक स्लेरी पाईप लाईन परियोजना एन.एम.डी.सी. लिमिटेड बैलाडिला भवन जगदलपुर की ओर सूचनार्थ।

वनमण्डलाधिकारी
दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा